लायन्स क्लब झुंझुंनूं की नव निर्वाचित कार्यकारिणी

www.myjhunjhunu.com/jhunjhunulionsclub

माई झुं. न्यूज।लायन्स क्लब झुंझुंनूं के संरक्षक डा जै सी जैन ने क्लब की साधारण सभा मे वर्ष 2009-10 के लिए क्लब पदाधिकारीयों के नोमीनेशन प्रस्तुत किये जिसका प्रस्ताव ध्वनिमत के साथ उपस्थित सदस्यो द्वारा पारित किया गया नये पदाधिकारीयो निम्न प्रकार है-

Permanent Invitees	: Lion K.L. Kedia PDG MJF Lion S. K. PDG
Patron	: MJF Lion Dr. J.C. Jain
President	: Lion Kailash Singhania
Immediate Past President	: Lion Ratan Lal Sharma
Advisor To President	: Lion P. L.Halwai
Vice Presidents	: 1. Lion Dr. N.S. Naruka 2. Lion Anil Bansal 3. MJF Lion D.N. Tulsian
Secretary	: Lion Pramod Tulsian
Additional Secretary	: Lion J.K.Patodia
Treasurer	: Lion Vinod Signhania
Lion Tamer	: Lion O.P.Jangid
Tail Twister	: Lion Ashol Soni
Director	: 1. Lion Amarnath Jangid 2. Lion Babulal Soni 3. Lion Kailash Pansari 4. Lion Rajkumar Tulsian 5. MJF Lion Satyanarain Sharma 6. Lion Dr.Umed Singh 7. Lion Vishwanath Soni
Membership growth :	1.Chariman Lion Shakuntala Purohit 2.Director- Lion Ashok Tulsian 3.Director- Lion Shikharchand Jain
Club Extension Committee	1. MJF Lion B.G. Purohit 2 .MJFLionDr.Salauddin Chopdar 3. Lion Bishen Lal Saini
Disciplinary Committee	: 1. Lion Pratap Singh swami 2. Lion Narendra Vyas
Finance Committee	: Lion Ramchandra Tulsian Lion Manohar Lal Ranasaria Lion Ramchandra Modi
Greeter Committee	: 1. Lion Devendra Khatri 2. Lion Shashi Prabha Kejriwal 3. Lion Saroj Bansal 4. Lion Surendra Agarwal
Vaccination Committee	: 1. Lion Ramesh Jangid 2. Lion Mohd. Farroq Lohar 3. Lion Jitendra Jangid

लायन्स क्लब झुंझुनूं के कैलाश सिंघानिया अध्यक्ष, सचिव प्रमोद तुलस्यान एवं कोषाध्यक्ष विनोद सिंघानिया बने

लायन्स क्लब झुंझुनूं की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी वर्ष 2009-10 की सर्वसम्मति से घोषणा क्लब संरक्षक डॉ. एमजेएफ लायन जे सी जैन ने की। लायन्स क्लब झुंझुनूं के वर्तमान अध्यक्ष लायन रतनलाल शर्मा की अध्यक्षता में लॉयन कैलाशचन्द पंसारी के इंदिरा नगर स्थित निवास पर तीन मई रविवार को आयोजित सभा में आगामी वर्ष के लिए अध्यक्ष लायन कैलाशचन्द्र सिंघानिया, सचिव लायन प्रमोद तुलस्यान एवं कोषाध्यक्ष लायन विनोद सिंघानिया को चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर प्रथम लायन डॉ. एन एस नरूका, द्वितीया लायन अनिता बंसल एवं तृतीय एमजेएफ लायन डी एन तुलस्यान को नियुक्त किया। क्लब के मुख्य सलाहकार लायन पी एल हलवाई एवं सह सचिव लायन जुगल पाटोदिया को बनाया गया। सभा में निवर्तमान प्रान्तपाल एमजेएफ लायन श्रवण केजड़ीवाल, पूर्व प्रान्तपाल के एल केडिया, लायन रामचन्द्र मोदी, एमजेएफ डॉ. सलाउद्दीन चौपदार, एमजेएफ लायन सत्यनारायण शर्मा, अमरनाथ जांगिड़, शिखरचन्द जैन, अशोक सौनी, नरेन्द्र व्यास सहित अन्य लायन्स सदस्य उपस्थित थे। सभा के पश्चात लायन कैलाश पंसारी द्वारा आयोजित प्रसाद रात्रि भोज में सभी ने भाग लिया।

लायन रतनलाल शर्मा बने जोन चैयरमेन : लायन्स क्लब्स इन्टरनेशनल प्रान्त 323 ई 1 रीजन-शेखावाटी के जौन चैयरमेन लायन्स क्लब झुंझुनूं के वर्तमान अध्यक्ष लायन रतनलाल शर्मा को आगामी वर्ष 09-10 के लिए नियुक्त किया गया है। नव निर्वाचित प्रान्तपाल एमजेएफ लायन सुनील वशिष्ठ ने लायन शर्मा को उक्त नियुक्ती उनकी नेतृत्व क्षमता एवं लायनवाद में उनके सराहनीय योगदान के फलस्वरूप दी है। लायन रतनलाल शर्मा के जोन चैयरमेन बनने पर लायन्स क्लब झुंझुनूं के पदाधिकारी एवं सदस्यों सहित अन्यजन ने खुशी प्रकट करते हुए उन्हे बधाई दी है।

लायन नरेन्द्र भण्डारी का सम्मान

माई झुं. न्यूज। बहुप्रान्त 323 के अधिवेशन में अन्तर्राष्ट्रीय निदेशक पद के लिए शानदार जीत हासिल करने वाले पूना निवासी राजस्थान के सपूत लायन नरेन्द्र भण्डारी का जयपुर के लायन्स एवं लायनेश सदस्यों द्वारा बहुत ही गर्म जोशी के साथ शानदार सम्मान किया गया। 22 मई 09 को जयपुर के होटल बेला काशा में आयोजित सम्मान समारोह में लायन नरेन्द्र भण्डारी को फूलमालाओं से लादते हुए साफा, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इसी अवसर पर वर्ष 2007-08 की प्रान्तीय कार्यकारिणी की तरफ से पूर्व प्रान्तपाल लायन श्रवण केजड़ीवाल द्वारा सम्मान पत्र भेंट कर लायन नरेन्द्र भण्डारी को सम्मानित किया गया। समारोह में अहमदाबाद से पधारे पूर्व अंतर्राष्ट्रीय निदेशक लायन प्रवीण छाजेड़ का भी साफा, श्रीफल एवं शॉल भेंट कर स्वागत किया गया। समारोह में झुंझुनूं से लायन श्रवण केजड़ीवाल, जयपुर के पूर्व प्रान्तपाल लायन बी एस अग्रवाल, लायन ज्ञान अग्रवाल, के एस दुगड़, के सी बंसल, प्रभा सिंघी, जी आर नाहर, डॉ. जी एस गर्ग, जस्टिस पाना चन्द जैन सहित लगभग 300 लायन्स एवं लायनेश उपस्थित थे। विजेता लायन नरेन्द्र भण्डारी ने अपने सम्बोधन में प्रान्त 323 ई 1 के लायन्स को धन्यवाद देते हुए विश्वास दिलवाया कि लायन्स की भावनाओं एंव विश्वास को कभी भी ठेस नहीं पहुंचने देंगे तथा लायनवाद के विस्तार व विकास में अपने सामर्थ्य से अधिक कार्य करेंगे। समारोह की अध्यक्षता संयोजक लायन सतीश गुप्ता ने की, स्वागत भाषण समारोह सलाहकार लायन एस के कालानी, धन्यवाद ज्ञापन के सी भण्डारी, अतिथियों का परिचय लायन सन्दीप सबलोक एवं संचालन लायन ललिता मेहता ने किया।

लायन कमल वशिष्ठ बने रीजन चैयरमेन

माई झु.न्यूज। लायन्स क्लब्स इन्टरनेशनल प्रान्त 323 ई 1 रीजन-शेखावाटी के रीजन चैयरमेन लायन्स क्लब चुरू के वर्तमान अध्यक्ष लायन कमल वशिष्ठ को बनाया गया है। नव निर्वाचित प्रान्तपाल एमजेएफ लायन सुनील वशिष्ठ ने लायन कमल वशिष्ठ को उक्त नियुक्ती उनकी नेतृत्व क्षमता एवं लायनवाद में उनके सराहनीय योगदान के फलस्वरूप दी है। लायन रतनलाल शर्मा के जोन चैयरमेन बनने पर लायन्स क्लब चुरू के पदाधिकारी एवं सदस्यों सहित अन्यजन ने खुशी प्रकट करते हुए उन्हे बधाई दी है।

लायन्स प्रान्त 323 ई 1 का विवरण देंखे-
www.lionsdistrict323e-1.info
www.myjhunjhunu.com/district323e-1

लायन्स क्लब नवलगढ के जांगिड़ पुन: अध्यक्ष बने

माई झु.न्यूज। लायन्स क्लब नवलगढ की कार्यकारिणी 2009-10 के चुनाव रविवार को अनिकेत भवन में हुए। क्लब का अध्यक्ष डॉ. दयाशंकर जांगिड़ को चुना गया । डॉ. राकेश कुमार शर्मा को सचिव, गोपाल झुंझुनूंवाला को कोषाध्यक्ष, गंगाधरसिंह सुंडा, मोहनलाल सैनी व सुधींद्र पूनिया को उपाध्यक्ष, नन्दकिशोर सोनी को सहसचिव, शंकरलाल घोड़ेला को सह कोषाध्यक्ष, डॉ. राजेश यादव को सदस्यता वृद्धि चैयरमेन, भंवरसिंह भंवर को पीआरओ, मुरली चोपदार को टेल ट्विस्टर और लियाकत अली धींवा को टेल टेमर बनाया गया। प्रो.मोतीचन्द मालू, जर्नादल घोड़ेला, अब्दुल जबार खत्री, ओमप्रकाश सैनी, पुष्पेंदरसिंह व श्रीचंद पूनिया को निदेशक मण्डल सदस्य बनाया गया है। विदित है कि लायन्स क्लब नवलगढ विगत 23 वर्षो से जनसेवा कार्य करता आ रहा है।

मुख्यमंत्री को बड़ी संख्या में लोगों ने बधाई दी

जयपुर, 17 मई। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत को राज्य में लोकसभा चुनाव में शानदार सफलता मिलने पर बधाई देने वालों का सिलसिला दूसरे दिन भी जारी रहा। श्री गहलोत को मुख्यमंत्री निवास पर मुबारकबाद देने के लिए रविवार को प्रात: से ही राज्य के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग आने लगे थे। श्री गहलोत को बधाई देने वालों में राज्य मंत्रिमण्डल के सदस्य, विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल थे। मुख्यमंत्री आगन्तुकों के बीच जैसे ही पहुंचे तो लोगों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर, फूल-मालाएं व सूत की माला पहनाकर अपनी खुशी का इजहार किया। श्री गहलोत प्रत्येक व्यक्ति से उनकी बधाई स्वीकार की और आगन्तुकों की मनुहार कर उनका मुंह भी मीठा करवाया।

केजड़ीवाल निवास पर सुन्दरकाण्ड पाठ एवं सवामणी प्रसाद

माई झु. 9 मई। मोदी रोड़ स्थित केजड़ीवाल भवन झुंझुनूं पर श्रवण कुमार केजड़ीवाल एवं अनिल कुमार केजड़ीवाल द्वारा सांयकाल छ: से आठ बजे तक सुन्दरकाण्ड का पाठ व तत्पश्चात बालाजी महाराज की असीम अनुकम्पा से सवामणी प्रसाद का आयोजन किया गया।

सुन्दर काण्ड पाठ से पूर्व निज निवास पर स्थित बालाजी मंदिर में श्रीमती शशिप्रभा-श्रवण केजड़ीवाल, श्रीमती संतोष देवी-अनिल केजड़ीवाल एवं श्रीमती सावित्री देवी धर्मपत्नी स्व. श्री वासुदेव प्रसाद केजड़ीवाल ने पंडित रमाकान्त महमिया के आचार्यत्व में विधि वत पूजा अर्चना की। संगीतमय सुंदर काण्ड का पाठ एल के झा, दिनेश ढण्डारिया, अशोक गोटेवाला, सुरेन्द्र अग्रवाल, बुद्धिप्रकाश टेकड़ीवाल, नरोत्तम ढंढारिया, विकास राणासरिया के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। लगभग दो घण्टे चले पाठ एवं आरती के पश्चात सभी सवामणी प्रसाद में शामिल हुए।

इस अवसर पर आईटीओ मनमोहन काण्डपाल, नवलकिशोर शर्मा, एडवोकेट बृजकिशोर अग्रवाल, विनोद कानोडिया, मनीष अग्रवाल, संजय शर्मा, दिनेशचन्द्र अग्रवाल, रतनलाल शर्मा, केलाशचन्द्र सिंघानिया, डी एन तुलस्यान, रामचन्द्र मोदी, जुगल पाटोदिया, विनोद सिंघानिया, बृजगोपाल पुरोहित, डॉ. सलाउद्दीन चौपदार, विनोद टीबड़ा, देवेन्द्र खत्री, दिलीप मोदी, राजेश केजड़ीवाल, सम्पत चुड़ेलेवाला, नवल खंडेलिया, निर्मल मोदी, शिवचरण हलवाई, पवन केजड़ीवाल, सुरेश चिड़ावावाला, प्रमोद खंडेलिया, पवन टीबड़ा, अजय त्रिहुन, ताराचन्द गुप्ता भोड़कीवाला, कन्हैयालाल केडिया, केशरदेव तुलस्यान,श्यामसुन्दर पोद्दार, प्रो. योगेश शर्मा, अतुल गर्ग सहित अन्यजन उपस्थित थे।

फोटो : रामनिवास सोनी

वीणा ने राजस्थानी भाषा और संगीत को दुनिया भर मे फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया -शिक्षा मंत्री: जयपुर, 23 मई। वीणा ने राजस्थानी भाषा और संगीत को दुनिया भर में फैलाने का महत्वपूर्ण कार्य किया है और हजारों भुले-बिसरे राजस्थानी लोक गीतों को लिपिबद्ध और संगीतबद्ध कर पुन: प्रतिष्ठापित कर दिया है। यही कारण है कि विवाह समारोहों में फिल्मी की जगह राजस्थानी गीत सुनाई देने लगे हैं। बच्चे व युवा राजस्थानी गीतों पर झूमने लगे हैं। ये विचार आज राजस्थान के शिक्षामंत्री मा. भंवरलाल मेघवाल ने व्यक्त किये।

लायन्स क्लब झुंझुनूं द्वारा सम्पन्न गतिविधियां

माई झुं. न्यूज। लायन्स क्लब झुंझुनूं द्वारा माह मई में सम्पन्न गतिविधियां इस प्रकार है-

साधारण सभाएं:- दिनांक 3 एवं 15 मई को क्रमश: रात्रि 8 बजे लायन कैलाशचन्द पंसारी निवास एवं केडिया सदन झुंझुनूं में आयोजित की गई। 31 मई को रात्रि 8 बजे जायका रेस्टोरेन्ट में आयोजित सभा में लायन अनिल बंसल के अलवर स्थानान्तरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन भी किया गया। साथ ही उनके सम्मान में आयोजित रात्रि भोज में सभी लायन बन्धु शामिल हुए।

कार्यकारिणी सभाएं:-दिनांक 8 एवं 22 मई को रात्रि 8 बजे केडिया सदन झुंझुनूं पर आयोजित की गई।

मधुमेह शिविर:-पंसारी लायन्स अस्पताल बगड़ रोड झुंझुनूं में रविवार 24 मई को डॉ. कुन्दनबाला जैन फैमिली ट्रस्ट के आर्थिक सौजन्य से लायन अशोक सोनी के संयोजकत्व में लगे मधुमेह चिकित्सा शिविर में 140 रोगियों की जांच कर निशुल्क दवाईयां वितरित की गयी। आये हुए रोगियों को क्लब संरक्षक डॉ. जे सी जैन ने निशुल्क परामर्श दिया।

प्रारम्भिक कार्यकारिणी सभा:-लायन्स क्लब इन्टरनेशनल 323 ई 1 की प्रारम्भिक कार्यकारिणी सभा ओम शांति रीट्रीट सेन्टर बिलासपुर में आयोजित में लायन के.सी. सिंघानिया, लायन प्रमोद सिंघनिया, लायन एन एस नरूका एवं लायन रतनलाल शर्मा ने भाग लिया। सभा में नवनिर्वाचित प्रान्तपाल एमजेएफ लायन सुनील वशिष्ठ की अध्यक्षता में वर्ष 2009-10 के लिय विचार प्रस्तुति एवं नव वर्ष के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

भावी कार्यक्रम

1. मधुमेह चिकित्सा शिविर :- दिनांक 24 मई को पंसारी लायन्स अस्पताल झुंझुनूं में नि:शुल्क मधुमेह चिकित्सा शिविर का आयोजन संयोजक अशोक सोनी के कुशल निर्देशन में किया जायेगा जिसमें सभी रोगियों को नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की जायेगी तथा क्लब संरक्षक एमजेएफ लायन डॉ. जे.सी. जैन एवं डॉ. एन.एस.नरूका द्वारा नि:शुल्क परामर्श रोगियों को प्रदान किया जायेगा।

क्लब द्वारा किये जाने वाले स्थायी सेवा कार्य:-

पोलियो एंव टीकाकरण शिविर:- माह के प्रत्येक रविवार को झाबरमल टीबड़ा गेस्ट हाऊस एवं पसांरी अस्पताल झुंझुनूं में प्रात: 9 से 11 बजे बच्चों को नि:शुल्क डीपीटी, बीसीजी के टीके एवं पोलियो ड्राप्स पिलाई जाती है तथा गर्भवती महिलाओं को टीटनेस के टीके लगाये जाते है।

जलमन्दिरों का सचांलन :- चार(4) लायन्स जल मन्दिरों का सफलता पूर्वक सचांलन शहर में विभिन्न स्थानों पर किया जा रहा है।

आक्सीजन सिलेन्डरों की व्यवस्था:- क्लब द्वारा जरुरत मन्द रोगीयों को आवश्यकता पर नि:शुल्क आक्सीजन सिलेन्डर उपलब्ध करवाये जाते है ।

लायन्स अस्पताल का सचांलन:- बगड़ रोड़ स्थित पसांरी लायन्स अस्पताल झुंन्झुनूं का संचालन स्थायी रुप से किया जा रहा है।

क्लब वैबसाईट:- लायन्स क्लब झुंझुनूं की वैबसाइट नियमित रुप से वैबसाइट चेयरमैन लायन डी.एन. तुलस्यान द्वारा अपडेट की जाती है।

डॉ. कुंदनबाला जैन फैमिली ट्रस्ट के आर्थिक सहयोग से लगा मधुमेह शिविर

माई झुं.24 मई। बगड़ रोड़ स्थित पंसारी लायंस अस्पताल में रविवार को आयोजित मधुमेह चिकित्सा शिविर का 140 रोगियों ने लाभ उठाया। डॉ. कुंदनबाला जैन फैमिली ट्रस्ट के आर्थिक सहयोग से लगाए गए शिविर में रोगियों के रक्त एवं मूत्र की निशुल्क जांच की गई। रोगियों को 15 दिन की दवा दी गई। डॉ. जे सी जैन ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस मौके पर सत्यानारायण शर्मा, विश्वनाथ सोनी, कैलास पंसारी, विनोद सिंघानिया, विश्वनाथ नारनौली, ओमप्रकाश सोनी, रामवतार छापरवाल, ओमप्रकाश माथूर, सीताराम केडिया ने रोगियों की सेवाएं की।